/ /प्रतिवेदन/ /

योगाभ्यास – रतनपुर
दिनांक 30/09/2022
––0––

दिनांक 30/09/2022 को अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर के योग विज्ञान विभाग के छात्रों ने विभागाध्यक्ष श्री गौरव साहू व व्याख्याता श्री सत्यम तिवारी के नेतृत्व में मां महामाया मंदिर रतनपुर में योगाभ्यास करवाया व लोगो को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत ''प्लास्टिक हटाएं जीवन बचाएं'' ''गढ़बो नवा विश्वविद्यालय'' के तहत जागरूकता अभियान भी चलाया।

अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर के योग विज्ञान विभाग के छात्रों ने विभागाध्यक्ष श्री गौरव साहू व व्याख्याता श्री सत्यम तिवारी के नेतृत्व में मां महामाया मंदिर रतनपुर में योग व लोगो को स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक किया।

सार-संक्षेप

योग साइंस के छात्रों ने रतनपुर मंदिर में योग के प्रति लोगों को जागरूक किया

बिलासपुर , 30 सितम्बर (देशबन्धु)। नवरात्रि के पंचमी के अवसर पर अटल बिहारी विश्वविद्यालय के योग साइंस विभाग के शिक्षक और विद्यार्थियों ने रतनपुर परिसर पहुंचे और वहां योग अभ्यास किया। साथ ही साथ श्रद्धालुओं को योग से जुड़कर स्वास्थ्य रहने के लिए जागरूक किया। इस दौरान योग के महत्व के बारे में बताया गया।

योग साइंस विभाग के शिक्षक सत्यम तिवारी ने बताया कि शुक्रवार की सुबह विद्यार्थियों के साथ रतनपुर मा महामाया मंदिर परिसर पहुंचे। सबसे पहले देवी दर्शन किया। पूजा अर्चना करने के बाद मंदिर परिसर पर ही विद्यार्थियों के साथ योगाभ्यास किया गया। सूर्यनमस्कार, प्रणायाम, सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास किया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर दर्शन करने पहुंचे। श्रद्धालुओं को योग करने के लिए जागरूक किया गया। इसके साथ साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत विद्यार्थियों ने प्लास्टिक हटाए जीवन बचाए, धरती को स्वच्छ बनाएं। गढ़बो नया विश्वविद्यालय का संदेश दिया। प्लास्टिक के उपयोग नहीं करने के लिए प्रेरित किया। प्लास्टिक के कारण स्वास्थ्य खराब होता है। तरह तरह की बीमारी होती है। स्वच्छ जीवन पाने के लिए प्लास्टिक से दूर होना पड़ेगा। इस अवसर पर शिक्षक सत्यम तिवारी और विद्यार्थियों में श्वेता, रौशनी, प्रिया साहू, किरण, इंदू, दुर्गेश, राहुल, लोकेश, नीतीश, विकास उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों ने रतनपुर मंदिर में योग कर स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

रतनपुर में योग का अभ्यास करते विद्यार्थी।

बिलासपुर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। नवरात्र के पंचमी के अवसर पर अटल बिहारी विश्वविद्यालय के योग साइंस विभाग के शिक्षक और विद्यार्थियों ने रतनपुर परिसर में योग अभ्यास किया। साथ ही साथ श्रद्धालुओं को योग से जुड़कर स्वास्थ्य रहने के लिए जागरूक किया। इस दौरान मंदिर दर्शन करने पहुंचे भक्तों को योग के महत्व के बारे में बताया।

योग साइंस विभाग के शिक्षक सत्यम तिवारी ने बताया कि शुक्रवार की सुबह विद्यार्थियों के साथ रतनपुर मां महामाया मंदिर परिसर पहुंचे। सबसे पहले देवी दर्शन किया। पूजा अर्चना करने के बाद मंदिर परिसर पर ही विद्यार्थियों द्वारा सूर्यनमस्कार, प्रणायाम, सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास किया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर दर्शन करने पहुंचे। श्रद्धालुओं को योग करने के लिए जागरूक किया। इसके साथ-साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत विद्यार्थियों ने प्लास्टिक हटाएं जीवन बचाएं, धरती को स्वच्छ बनाएं, गढ़बो नया विश्वविद्यालय के तहत जागरूकता अभियान चलाया गया। प्लास्टिक के उपयोग नहीं करने के लिए प्रेरित किया। प्लास्टिक के कारण स्वास्थ्य खराब होता है। तरह तरह की बीमारी होती है। स्वच्छ जीवन पाने के लिए प्लास्टिक से दूर होना पड़ेगा। इस अवसर पर शिक्षक सत्यम तिवारी और विद्यार्थियों में श्वेता, रोशनी, प्रिया साहू, किरण, इंदु, दुर्गेश, राहुल, लोकेश, नीतीश, विकास उपस्थित रहे।